# युवक की नदी में डूबकर मौत, 8 घंटे चला रेस्क्यू

**भैंस निकालते समय हुआ हादसा, एसडीआरएफ की मदद से मिला शव, गांव में छाया शोक**



**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 24 जुलाई।** गोरमी थाना क्षेत्र अंतर्गत राजाराम का पुरा गांव के एक युवक की कुवारी नदी में डूबने से मौत हो गई। मृतक की पहचान 35 वर्षीय इंद्रभान गुर्जर पुत्र रामधुन गुर्जर के रूप में हुई है। वह बुधवार शाम अपनी भैंसों को नदी से निकालने के लिए पानी में उतरा था, लेकिन गहराई का सही अनुमान न होने के कारण वह डूब गया।

**स्थानीय लोगों ने बचाने का किया प्रयास, लेकिन नहीं मिली सफलता :** घटना के समय आसपास मौजूद ग्रामीणों ने युवक को डूबते देखा और तत्काल बचाने का प्रयास किया, लेकिन तेज बहाव और गहराई के कारण वे सफल नहीं हो सके। कुछ ही पलों में इंद्रभान पानी में लापता हो गया।

**सूचना मिलते ही प्रशासन हुआ सक्रिय :** घटना की जानकारी स्थानीय पुलिस और एसडीआरएफ टीम को दी गई। इसके बाद गुरुवार सुबह से रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया। करीब 8 घंटे की मशक्कत के बाद एसडीआरएफ और पुलिस की टीम ने युवक का शव नदी से बाहर निकाला।

**गांव में पसरा मातम, पुलिस ने शुरू की कार्रवाई**
गोरमी थाना प्रभारी ध्यानेन्द्र सिंह यादव ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि शव को पोस्टमार्टम हेतु भेजा गया है। उन्होंने बताया कि मृतक इंद्रभान का परिवार बेहद सदमे में है, और गांव में गहरा शोक व्याप्त है।

# धर्मपुरी और भवानीपुर मुक्तिधाम में चला सफाई अभियान



**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 24 जुलाई।** स्वच्छ भिंड-स्वस्थ भिंड अभियान के अंतर्गत धर्मपुरी मुक्तिधाम और भवानीपुर मुक्तिधाम में स्वच्छता एवं पौधरोपण अभियान चलाया गया। इस पुनीत कार्य का नेतृत्व मध्यप्रदेश राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के पूर्व सदस्य एवं अध्यक्ष प्रतिनिधि सुनील बाल्मीकि द्वारा किया गया। उनके साथ स्वच्छता टीम, स्थानीय नागरिक और समाजसेवी भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

सुनील बाल्मीकि ने इस अवसर पर कहा कि स्वच्छता में ही ईश्वर का वास होता है। यदि अंतिम संस्कार स्थल जैसे स्थान भी स्वच्छ और शांत वातावरण में होंगे, तो यह हमारी संस्कृति और भावनाओं का सम्मान होगा। कार्यक्रम के अंतर्गत एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत पौधरोपण भी किया गया। उन्होंने कहा कि पेड़ हैं तो जीवन है, और एक पौधा लगाकर हम न केवल पर्यावरण को बचा रहे हैं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ हवा भी दे रहे हैं। उन्होंने आमजन से अपील की कि वे प्रत्येक शुभ अवसर पर एक पौधा अवश्य लगाएं और उसकी देखभाल करें। इस अभियान में राजेन्द्र दरोगा, महेश, बंटू, जसराम, राकेश, मनोज सहित अनेक समाजसेवी और स्वच्छता प्रेमी नागरिकों ने भाग लिया।

**स्कार्पियो चोरी का खुलासा**

# आगरा जेल में बनी दोस्ती के बाद चोरी की बनाई योजना



**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 24 जुलाई।** शहर के वीरेन्द्र नगर में स्कॉर्पियो वाहन चोरी के मामले का पुलिस ने सनसनीखेज खुलासा किया है। इस चोरी की पटकथा आगरा जेल में लिखी गई थी, जहां दो शातिर आरोपियों की मुलाकात हुई। जेल से छूटने के बाद उन्होंने मिलकर योजना बनाई और वारदात को अंजाम देने के लिए असम से साथी को बुलाया गया।

सिटी कोतवाली टीआई बृजेंद्र सेंगर ने बताया कि वीरेन्द्र नगर निवासी दीपक शिवहरे ने 11 जुलाई की सुबह कोतवाली थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी स्कार्पियो क्रमांक एमपी 07 जव 8392 रात में घर के बाहर से चोरी हो गई है। जिस मामले की गंभीरता को देखते हुए दो टीमें और साइबर सेल गठित कर जांच शुरू की।

**सीसीटीवी से मिली अहम कड़ी :** पुलिस ने इलाके के सीसीटीवी फुटेज खंगाले और शहर के होटलों की जांच की। इसी क्रम में असम से आए एक संदिग्ध युवक का सुराग मिला, जो शहर के एक होटल में रुका था। सब-इंस्पेक्टर सोहनेश तोमर के नेतृत्व में टीम ने असम के बरपेटा जिले से आरोपी खलील उरू रहमान को गिरफ्तार किया।

**आरोपी से हुई पूछताछ में बड़ा खुलासा :** पूछताछ में पता चला कि खलील को भिंड निवासी धर्मेंद्र शाक्य ने बुलाया था। दोनों की मुलाकात आगरा जेल में हुई थी, जहां से दोस्ती के बाद बाहर आकर चोरी की योजना बनाई गई। इटावा स्टेशन से बाइक पर लाकर उन्होंने स्कार्पियो चोरी की और उसे नगालैंड-मणिपुर बॉर्डर के डेविड नामक व्यक्ति को 3.5 लाख रुपए में बेच दिया।

**पैसों का लेन-देन और गिरफ्तारी :** बेची गई गाड़ी की रकम में से 1.5 लाख रुपए आरोपी की पत्नी के खाते में ट्रांसफर किए गए थे, जिसे पुलिस ने तत्काल फ्रीज कर दिया। पुलिस ने दूसरे आरोपी धर्मेंद्र शाक्य को सुभाष नगर भिंड से गिरफ्तार कर लिया है। वारदात में प्रयुक्त प्लेटिना बाइक भी जब्त कर ली गई है।

# अटेर रोड श्रीवास नगर कॉलोनी में जलभराव से नागरिक परेशान

**सीएम हेल्पलाइन पर शिकायत के बाद भी समस्या ज्यों की त्यों**



**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 24 जुलाई।** शहर के नगरपालिका क्षेत्र अंतर्गत अटेर रोड स्थित श्रीवास नगर कॉलोनी वार्ड क्रमांक 39 में इन दिनों बारिश के पानी के भराव से स्थानीय निवासियों का जीना दूभर हो गया है। सड़क और गलियों में पानी भर जाने से लोगों का निकलना मुश्किल हो गया है, विशेष रूप से बुजुर्गों, बच्चों और महिलाओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

स्थानीय निवासी मनोज श्रीवास ने इस गंभीर समस्या को लेकर मुख्यमंत्री हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कराई थी, लेकिन अफसोसजनक बात यह रही कि समस्या का कोई स्थायी समाधान तो नहीं हुआ, उल्टा शिकायत को मांग आधारित बताकर विलोपित कर दिया गया।

सीएम हेल्पलाइन से प्राप्त जवाब में कहा गया है कि 'शिकायतकर्ता द्वारा निर्माण संबंधी शिकायत की गई है, उपयंत्री द्वारा जांच की गई। स्थल पर पूर्व में ही गड्ढे भरवा दिए गए हैं तथा स्थल को सुगम बना दिया गया है। जलभराव की निकासी भी कर दी गई है।

मौके पर किसी प्रकार की समस्या नहीं पाई गई। चूंकि शिकायतकर्ता द्वारा नवीन सड़क की मांग की जा रही है, अतः यह मांग आधारित शिकायत है और इसे विलोपित किया जाना उचित है।' इस जवाब ने स्थानीय नागरिकों की नाराजगी और बढ़ा दी है। श्रीवास नगर कॉलोनी के नागरिकों का कहना है कि स्थलीय स्थिति बयान से एकदम विपरीत है। जलभराव अब भी बना हुआ है, जिससे न केवल बीमारियों का खतरा बढ़ गया है, बल्कि राहगीरों को रोजाना कीचड़ और गंदे पानी से होकर निकलना पड़ता है।

शिकायतकर्ता मनोज श्रीवास ने बताया कि हमने समस्या को लेकर कई बार जिम्मेदारों से गुहार लगाई, सीएम हेल्पलाइन में उम्मीद से शिकायत दर्ज कराई, लेकिन जब मौके पर आए बिना ही जवाब तैयार कर दिया जाए तो फिर आम जनता कहां जाए? स्थानीय नागरिकों की मांग है कि स्थल का पुनः वास्तविक निरीक्षण कर वहां की वास्तविक स्थिति के अनुसार स्थायी समाधान, जैसे नई सड़क निर्माण एवं जल निकासी की उचित व्यवस्था की जाए। जनता की आवाज दबाने के बजाय उनकी समस्याओं को प्राथमिकता से सुलझाना प्रशासन की ज़िम्मेदारी है। इस प्रकार की कार्यप्रणाली से सरकारी शिकायत तंत्र की विश्वसनीयता पर भी प्रश्नचिन्ह लगने लगा है।

## संकल्प के साथ रोपे गए अनेक फलदार व छायादार पौधे

**भिंड, 24 जुलाई।** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार चलाए जा रहे पंच-ज अभियान के अंतर्गत भिंड जिले में निरंतर पौधरोपण गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इसी क्रम में प्रधान जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भिंड के अध्यक्ष उमेश पाण्डव के निर्देशन तथा सचिव अनुभूति गुप्ता के मार्गदर्शन में जिला न्यायालय परिसर भिंड में वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अशोक, कटहल, मीठी नीम, आंवला, शहतूत, अमरूद, नींबू जैसे बहुउपयोगी एवं औषधीय पौधों का रोपण किया गया, जो न केवल पर्यावरण को स्वच्छ बनाएंगे बल्कि भावी पीढ़ियों को प्राकृतिक धरोहर के रूप में लाभ भी देंगे। इस अवसर पर न्यायिक अधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम में दिलीप गुप्ता प्रधान न्यायाधीश, कुटुम्ब न्यायालय, मनोज कुमार तिवारी जूनि. विशेष न्यायाधीश, पॉक्सो, निधि नीलेश श्रीवास्तव मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, मनोज कुमार गोयल रजिस्ट्रार, आकाश शर्मा, सत्यम देवलिया, विवेक माल सभी न्यायिक मजिस्ट्रेट एवं देवेश शर्मा जिला विधिक सहायता अधिकारी उपस्थित रहे तथा सभी ने व्यक्तिगत रूप से पौधे रोपित कर इस पुनीत कार्य में सहभागिता निभाई। कार्यक्रम में अपने विचार व्यक्त करते हुए प्रधान जिला न्यायाधीश उमेश पाण्डव ने कहा कि आने वाली पीढ़ियों को हमें कंक्रीट की इमारतों की नहीं, एक हरा-भरा स्वच्छ वातावरण की सौगात देनी चाहिए।

# सार्वजनिक स्थानों पर विशेष जन-जागरूकता कार्यक्रम



**नवभारत न्यूज**
**मालनपुर, 24 जुलाई।** पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार एवं पुलिस अधीक्षक भिंड श्री डा. असित यादव के नेतृत्व में जिले में च्नशे से दूरी है जरूरीज्ज अभियान के तहत एक विशेष जन-जागरूकता कार्यक्रम दिनांक 24/07/2025 को चलाया गया। इस अभियान के अंतर्गत मालनपुर पुलिस द्वारा जन-जागरूकता का संदेश के माध्यम से बसों, स्कूलों, बस स्टैंड, यात्री प्रतीक्षालय, व अन्य सार्वजनिक स्थानों पर प्रचार-प्रसार किया गया।

ग्रामीणों एवं आमजन को नशे के दुष्परिणामों के बारे में जागरूक करने हेतु विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित की गईं। इस दौरान पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा लोगों को नशे से दूर रहने का संदेश दिया गया तथा नशा मुक्ति से संबंधित पंपलेट्स भी वितरित किए गए।

इस अभियान के अंतर्गत परिवहन बसों के अंदर यात्रियों को नशे से होने वाले दुष्परिणामों की जानकारी दी गई। बस स्टैंड व यात्री प्रतीक्षालयों पर जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया। जागरूक किया गया और पंपलेट वितरित किए गए। पुलिस अधिकारियों ने आमजन से अपील की कि वे स्वयं भी नशे से दूर रहें और अपने आसपास के लोगों को भी इसके प्रति सजग करें, जिससे एक स्वस्थ, सुरक्षित और नशा मुक्त समाज की स्थापना हो सके। यह अभियान जिले में 30 जुलाई तक निरंतर जारी रहेगा।इस दौरान मालनपुर थाने के उपनिरीक्षक बलवंत यादव, उपनिरीक्षक गीता सिकरवार, सहायक उपनिरीक्षक अब्दुल शमीम, रामनरेश तुंदेलकर, प्रधान आरक्षक चरण सिंह यादव, राजेश कुशवाह, दीपेंद्र राठौड़, संजय राठौर, सोहन खरे, कुलदीप राजपूत, आदि मौजूद रहे ।

# ठेकेदार बाहर से लाया लेबर, मजदूरी नहीं दी तो थाने पहुंचे श्रमिक



**पुलिस ने कराया भुगतान**

**नवभारत न्यूज**
**मालनपुर, 24 जुलाई।** औद्योगिक क्षेत्र में संचालित न्यू रियान ग्लोबल प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के ठेकेदार आशिक खान द्वारा उत्तर प्रदेश से श्रमिकों को लाया गया उसमें कुछ महिलाएं भी शामिल थीं श्रमिकों द्वारा बताया कि ठेकेदार द्वारा18000 प्रति माह के हिसाब से बात हुई थी और रहना खाना आदि सुविधाओं की भी बात हुई थी, कुछ दिन काम करने के बाद ठेकेदार द्वारा तय अनुसार मजदूरी नहीं दी जा रही है और ना ही उसके द्वारा ईएसआई पीएफ काटा जा रहा है और जबरन 12 घंटे काम कराया जा रहा है द्य ठेकेदार द्वारा श्रमिकों का भुगतान नहीं किया गया तो महिलाओं समेत करीब 30 श्रमिक ठेकेदार की शिकायत लेकर थाने पहुंचे तब पुलिस द्वारा ठेकेदार को बुलाया गया और श्रमिकों का हिसाब कराया गया फिर भी ठेकेदार द्वारा श्रमिकों को अधूरा ही पेमेंट दिया गया और कहा गया कि अगले माह आकर ले जाना। ऐसा सुनने में आ रहा है कि ठेकेदार और कंपनी प्रबंधन सांठ गांठ कर श्रमिकों की मजदूरी तड़पना चाहते हैं।

**इनका कहना है...**
ठेकेदार मुझे व मेरे क्षेत्र से कई श्रमिकों को लेकर आया था अब तय हुई मजदूरी नहीं दे रहा है और ना ही कोई सुविधा, ठेकेदार ने मजदूरी नहीं दी तो हमने थाने में शिकायत की है और अभी भी कुछ पैसे ही दिए हैं ठेकेदार कह रहा है अगले महीने देंगे ।
**– शुभम ठाकुर, श्रमिक निवासी कौशांबी उत्तर प्रदेश**

# गोवंश को हादसों से बचाने स्कूल संचालक ने गौ सेवकों को दिए रेडियम पट्टे




**नवभारत न्यूज**
**मालनपुर, 24 जुलाई।** आए दिन हाईवे पर दुर्घटना के शिकार हो रहे गोवंश को हादसों से बचाने के लिए क्षेत्र के वरिष्ठ समाजसेवी एवं बचपन इंटरनेशनल स्कूल संचालक दिनेश सिंह परिहार उर्फ बंटू ने क्षेत्र के सक्रिय गोरक्षकों को करीब 2000 से भी ज्यादा चमकीले रेडियम पट्टे दिए ताकि अधिक से अधिक गोवंश के गले में पहनाए जा सकें और हादसों से बचाया जा सके।

इस अवसर पर समाजसेवी श्री परिहार ने कहा कि क्षेत्र में भारी संख्या में सड़कों पर गायों के जमा होने से सबसे अधिक परेशानी रात में होती है। वाहन चालकों को कई बार सड़क पर बैठी गाय नहीं दिख पाती और एक्सीडेंट हो जाता है। इससे जहां एक और वाहन चालक घायल हो रहे तो वहीं दूसरी और गायों की भी मौत हो रही है।

इस तरह के एक्सीडेंट बचाने के लिए हमने करीब 2000 चमकीले रेडियम पट्टे तैयार कराए हैं हमारा उद्देश्य है क्षेत्र में विचरण कर रहे आवारा गोवंश के गले में पट्टे पहनाए जाएंगे तो काफी हद तक हादसों पर अंकुश लगेगा , इस अवसर पर राष्ट्रीय सुरक्षा संघ की टीम द्वारा समाजसेवी श्री परिहार का इस पुनीत कार्य के लिए धन्यवाद किया और कहा कि हम आशा और विश्वास करते हैं कि ऐसे ही आप गौरक्षक संघ का सहयोग करते रहेंगे।

**सामाजिक और पुनीत कार्य में रहते हैं समाजसेवी आगे**
समाजसेवी श्री परिहार सामाजिक सरोकार एवं मानवीय संवेदना से जुड़े कार्यों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते हैं और दिल खोलकर खर्च करते हैं पूर्व में भी उन्होंने कई बार गौ रक्षक टीम को दवाइयां रेडियम पट्टे वितरित किए हैं और क्षेत्र में कई जगह वाटर कूलर भी लगवा चुके हैं। इस अवसर पर राष्ट्रीय गौरव रक्षक समिति जिला अध्यक्ष दीपक रजक, सचिन शर्मा, पहलवान सिंह राजावत, लॉरेंस बघेल एवं समस्त स्कूल स्टाफ के सदस्य मौजूद रहे।

# पूर्व सैनिकों के लिए शिविर का आयोजन




**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 24 जुलाई।** जिला न्यायालय एवं विधिक सेवा प्राधिकरण भिंड के निर्देशानुसार गुरुवार को सैनिक कल्याण बोर्ड भिंड में साक्षरता एवं विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य पूर्व सैनिकों, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों एवं वरिष्ठ नागरिकों को उनके कानूनी अधिकारों, सामाजिक योजनाओं एवं कर्तव्यों के प्रति जागरूक करना रहा।

शिविर के मुख्य अतिथि के रूप में जिला विधिक सहायता अधिकारी देवेश शर्मा उपस्थित रहे। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि पूर्व सैनिक राष्ट्र की सेवा में अपना सर्वस्व न्यौछावर करते हैं, उनके सम्मान और अधिकारों की रक्षा करना हमारी सामूहिक ज़िम्मेदारी है। विधिक सेवा प्राधिकरण का उद्देश्य है कि हर वर्ग को उसके अधिकारों की सही जानकारी मिले और न्याय तक उसकी आसान पहुँच सुनिश्चित हो। उन्होंने शिविर में मौजूद सभी प्रतिभागियों को विधिक सहायता अधिनियम, वरिष्ठ नागरिकों के अधिकार, सरकारी योजनाएँ, पेंशन, भरण-पोषण, उत्तराधिकार, निःशुल्क विधिक सहायता एवं वैधानिक परामर्श जैसी अहम जानकारियां विस्तारपूर्वक प्रदान कीं।

# नवांकुर सखी एवं हरियाली यात्रा का सफल आयोजन



**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 24 जुलाई।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा संचालित च्नवांकुर योजनाज् के अंतर्गत जिले भर में 'नवांकुर सखी एवं हरियाली यात्रा' का भव्य आयोजन किया गया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण, पौधारोपण और महिलाओं की भागीदारी को सशक्त बनाना रहा। कार्यक्रम का संचालन जिले की नवांकुर संस्थाओं के सहयोग से किया गया, जिसमें ग्रामवासियों, महिलाओं और बच्चों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

यह कार्यक्रम जिले के विभिन्न ग्रामों में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। रौन विकासखंड के इन्दुर्खी एवं मूर्तपुरा, लहार के भटपुरा, मेहगांव के गौरमी, गोहद के कल्याणपुरा, अटेर के परा और माधोपुर, तथा भिंड के बिजपुरी ग्राम में नवांकुर संस्थाओं द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संभाग समन्वयक चंबल धर्मेंद्र सिंह सिसोदिया, जिला समन्वयक शिवप्रताप सिंह भदौरिया, विकासखंड समन्वयक सुनील कुमार चतुर्वेदी एवं आशीष सिंह सहित जनप्रतिनिधि, ग्रामवासी और महिलाएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की शुरुआत ग्राम मंदिर परिसर में महिलाओं के एकत्रीकरण से हुई, जिसके बाद कलश यात्रा के रूप में पूरे गांव में भ्रमण किया गया। इस यात्रा के माध्यम से ग्रामवासियों को पर्यावरण संरक्षण, हरियाली एवं सामाजिक चेतना का संदेश दिया गया।

# गोहद दुर्ग में सावन शिवरात्रि पर उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

**भव्य श्रृंगार और रात्रि जागरण ने किया मंत्रमुग्ध**



**नवभारत न्यूज**
**गोहद, 24 जुलाई।** सावन मास की शिवरात्रि पर गोहद दुर्ग स्थित ऐतिहासिक भीमाशंकर महादेव मंदिर में श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। भगवान भोलेनाथ का शिवरात्रि के दिन चार पहर का विशेष अभिषेक बुधवार सायं 6 बजे से प्रारंभ होकर गुरुवार प्रातः 6 बजे तक चला। शिवरात्रि के दिन 24 घंटे चले अभिषेक में श्रद्धालुओं ने पूरे भक्ति भाव से भाग लिया।मंदिर को फूल बंगले और रंग-बिरंगी रोशनी से भव्य रूप से सजाया गया।

भगवान शिव को 56 भोग अर्पित किए गए और रात्रि में विशेष श्रृंगार व अभिषेक कर श्रद्धालुओं को आलौकिक अनुभव का लाभ मिला। शिवलिंग पर दूध, दही, घी, शहद, गन्ना रस और गंगाजल से रात्रिकालीन विशेष अभिषेक किया गया, जिसमें भारी संख्या में भक्तों ने सहभागिता की।रात्रि जागरण का आयोजन भीमाशंकर मंदिर परिसर में किया गया, जिसमें ग्वालियर से आमंत्रित कलाकारों ने भक्ति रस से सराबोर कर देने वाले भजन और कीर्तन प्रस्तुत किए। हर हर महादेव के जयघोष से दुर्ग का वातावरण भक्तिमय हो गया।पूरी रात मंदिर में दर्शनार्थियों की भीड़ लगी रही। श्रद्धालुओं ने पूरे उत्साह और भक्ति भाव से शिवरात्रि पर्व को मनाया और भोलेनाथ से आशीर्वाद प्राप्त किया। भीमाशंकर मंदिर के महंत रवीरमन बाजपेई ने बताया सावन का महीना भगवान शिव की आराधना का महीना है इस पूरे माह में शिव भक्तों द्वारा विभिन प्रकार से शिव की आराधना की जाती है। गोहद के शिव भक्त प्रतिदिन शिव अभिषेक कर अपने इष्ट की आराधना करते है। हमारे यहाँ यह माह एक उत्सव है जो पूरे माह चलेगा।